भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 995

गुरुवार, दिनांक 08 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

सौर पैनल योजना के लाभार्थी

995. श्री एम. बदरुद्दीन अजमलः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री निःशुल्क सौर पैनल योजना के आरंभ से लेकर अब तक असम के जिलों सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और वर्ष-वार इसके अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या असम में नदी के 'चार/चापोरी एरिया' के लिए कोई विशेष परियोजना शुरू की गई है क्योंकि वहां बिजली के कनेक्शन की कोई व्यवस्था नहीं है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उपर्युक्त योजना के अंतर्गत उक्त प्रयोजनार्थ वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है और इसके उपयोग का अनुपात क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री

(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) अगस्त, 2019 से असम सहित देश में ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सौर कार्यक्रम के चरण-II को कार्यान्वित कर रहा है जिसके तहत आवासीय क्षेत्र में ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सौर की स्थापना करने के लिए उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) दी जाती है।

दिनांक 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, घरों और वाणिज्यिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के भवनों में ग्रिड-कनेक्टेड सौर रूफटॉप की 10.7 गीगावाट संचयी क्षमता स्थापित की जा चुकी है। इनमें से 2.76 गीगावाट स्थापित संचयी क्षमता के साथ कुल 6.7 लाख ग्रिड-कनेक्टेड सौर रूफटॉप प्रणालियों को ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सौर कार्यक्रम चरण-II के तहत घरों में स्थापित किया गया है।

दिनांक 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, घरों में स्थापित ग्रिड-कनेक्टेड सौर रूफटॉप प्रणालियों की संख्या और आरटीएस की स्थापना करने के लिए ग्रिड-कनेक्टेड सौर कार्यक्रम (चरण-II) के तहत वितरित केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) का असम सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

"सौर पैनल योजना के लाभार्थी" के संबंध में पूछे गए दिनांक 08.02.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 995 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सौर कार्यक्रम के तहत अंतिम लाभार्थियों को आगे वितरण के लिए डिस्कॉमों/केंद्रीय नोडल एजेंसी को वितरित कुल केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) और घरों में स्थापित ग्रिड कनेक्टेड सौर रूफटॉप प्रणालियों की संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	सीएफए के रूप में जारी की गई कुल राशि	चरण-II के तहत स्थापित प्रणालियों की संख्या	चरण-II कार्यक्रम के तहत स्थापित कुल क्षमता (मेगावाट)	सीएफए के साथ/बगैर स्थापित संचयी क्षमता (मेगावाट)
1	अंडमान एंव निकोबार	0.35	0	0.00	4.20
2	आंध्र प्रदेश	4.16	1211	5.37	191.83
3	अरुणाचल प्रदेश	0.00	0	0.00	2.00
4	असम	0.43	165	0.70	41.55
5	बिहार	7.49	2192	8.26	67.95
6	चंडीगढ़	2.11	386	1.73	58.37
7	छत्तीसगढ़	1.20	433	4.29	72.64
8	दादरा एवं नगर हवेली दमन एवं दीव	0.00	0	0.00	0.39
9	गोवा	3.59	266	2.02	37.65
10	गुजरात	2,352.62	510804	2025.40	3264.93
11	हरियाणा	25.32	7224	47.59	527.15
12	हिमाचल प्रदेश	4.26	740	2.77	18.54
13	जम्मू एवं कश्मीर	1.25	2486	12.86	34.94
14	झारखंड	0.57	149	0.62	64.63
15	कर्नाटक	1.65	887	3.78	505.10
16	केरल	189.82	57426	225.60	615.01
17	लद्दाख	0.00	0	0.00	0.00
18	लक्षद्वीप	0.00	0	0.00	0.00
19	मध्य प्रदेश	29.93	10652	47.74	320.06
20	महाराष्ट्र	31.96	29078	133.10	1905.80
21	मणिपुर	0.26	74	0.33	5.13
22	मेघालय	0.00	0	0.00	0.21
23	मिजोरम	0.64	135	0.59	1.91
24	नागालैंड	0.00	1	0.00	0.10
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	4.07	845	5.97	236.03
26	ओडिशा	2.35	212	1.42	41.79
27	पुडुचेरी	0.00	97	0.40	48.54
28	पंजाब	23.01	5583	32.75	315.50
29	राजस्थान	54.90	9924	68.65	1074.39
30	सिक्किम	0.00	0	0.00	2.67
31	तमिलनाडु	1.64	2843	11.68	526.24
32	तेलंगाना	47.40	8849	39.52	375.60
33	त्रिपुरा	0.00	8	0.02	4.78
34	उत्तराखंड	8.15	2675	11.52	70.35
35	उत्तर प्रदेश	18.84	14143	69.42	177.85
36	पश्चिम बंगाल	0.00	0	0.00	67.13
	राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से	328.15			
कुल	36 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	3,146.13	669,488	2,764.10	10680.97

*****